JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

जुलाई-अगस्त 2022



## सफलता का शिखर
JAGS
JEWELLERS ASSOCIATION GEMSTONE SHOW

## इंडस्ट्री के युगपुरुष
डॉ. रजनीकांत शाह



## डिज़ाइन स्पीक

jas
connect to source

## आगामी प्रीमियम बी2बी शो का अनावरण

## ट्रेड टॉक
आम्रपाली ज्वैल्स

## हैकमैनाइट
एक असामान्य दुर्लभ रत्न


C.I. Bogotá Emerald Mart S.A.S.
Miner and Exporter of Colombian Emeralds.
All qualities, cut and rough.
Av. Jiménez No. 5-43 Of. 801 Bogotá - Colombia
Tels: (571) 342 0966 - 342 0015 - 342 2860
www.bem.com.co - bem@bem.com.co - benny@bem.com.co
BENNY
www.bem.com.co
2021 -5781
ICA
MEMBER
Benny Bazalel
+57 310 219 5000
Jonny Bazalel
+57 313 294 0430
Shareholder of:
Empavas Mine in Muzo/Quipama
Calceteros and Buenos Aires Mine in Coscuez

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

जुलाई-अगस्त 2022 | Volume XXXX No. 4

Regd. with R.N.I. No. 26126/74

धर्मकांटा

जनोपयोगी भवन

ज्वैलर्स असोसिएशन जैम स्टोन शो (JAGS)

जेम बोर्स

ज्वैलर्स असोसिएशन शो (JAS)

द सेलेक्ट बी2बी शो | द प्रीमियम बी2बी शो

जैम वर्ल्ड

**संपादक और डिजाइन**
Splashierz Design
+91 77427 25334

**प्रकाशन**
ज्वैलर्स असोसिएशन
जौहरी बाजार, जयपुर 302 003 (भारत)
टे: +91 141 4034112-13
फे : +91 141 2560125
ई: gemworld@jajaipur.com
वेब: www.jajaipur.com

**विज्ञापन, टैरिफ या अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
टे: +91 141 4034112-13
मो: +91 87696 64864 | +91 99502 11331
ई: gemworld@jajaipur.com

डिस्क्लेमर
पत्रिका में विभिन्न लेखों में दिए गए विचार लेखकों के हैं, इनमे किसी भी प्रकार की त्रुटियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर का कोई दायित्व नहीं होगा।




कवर इमेज क्रेडिट:
तारा फाइन ज्वैल्स, मुंबई

## विषय - सूची

17 jas connect to source — आगामी प्रीमियम बी2बी शो का **अनावरण**

19 JAGS JEWELLERS ASSOCIATION GEMSTONE SHOW — **सफलता का शिखर**

20



21 **इंडस्ट्री के युगपुरुष**
डॉ. रजनीकांत शाह





24

24 **ब्लॉगर कनेक्ट**
लॉस वेगास शो

25

27 **ट्रेड टॉक**

तरंग अरोड़ा
आम्रपाली ज्वैल्स

29 **ट्रेंडी अफेयर्स**

ज्वैलरी डिज़ाइन के नए ट्रेंड्स

39 **ज्ञान के ख़ज़ाने से**

हैकमैनाइट
एक असामान्य दुर्लभ रत्न

44 **नवीनतम जानकारी**

GJEPC INDIA

जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल

GJSCI Gem & Jewellery Skill Council of India

जैम एंड ज्वैलरी स्किल काउंसिल ऑफ़ इंडिया

52 **साझेदारी की नई पहल**

जैमफील्ड्स
x
मार्गरी हिर्शे

56 **डिज़ाइन स्पीक**

आर्च इंस्टिट्यूट

59 **सूचना एवं समाचार**

ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर



28


29


39


33


57



# PRECITONE CO. LTD

COLOUR STONES



www.precitone.com

202-208, Sithikorn Bldg, Room 404, 4th Floor,
Mahesak Soi-2, Bangkok - 10500 (Thailand)

Phone: 0818011295

Email: anu@precitone.com

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR



डी.पी. खण्डेलवाल
अध्यक्ष
ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर

नए सत्र के लिए चुनी गई कार्यकारिणी में हमारी टीम का सर्वोपरि लक्ष्य यही रखा गया है कि ट्रेड और इससे जुड़े हमारे सदस्यों के लिए वे सभी कदम उठाए जाएं जो इसके विकास में लाभकारी साबित हो सकें। हमारी टीम ऐसे सभी विचारों और संकल्पों को मूर्त रूप देने के प्रति कटिबद्ध है। इस टीम का हर सदस्य अपने आप में विशेषज्ञता और अनुभव की बेजोड़ मिसाल है। हम सभी का एकमात्र लक्ष्य रत्नाभूषण कारोबार को ऐसी ऊंचाइयां प्रदान करना है जिस पर पूरी इंडस्ट्री गर्व कर सके।



नीरज लुणावत
मानद् मंत्री, ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर
एवं
संयोजक, जैम वर्ल्ड पत्रिका

मैं असोसिएशन और हमारे ट्रेड से जुड़े लोगों के उत्थान के प्रति पूरी तरह वचनबद्ध और समर्पित हूं। मेरा प्रयास रहेगा ट्रेड से जुडी नवीनतम जानकारियां ट्रेड व असोसिएशन से जुड़े लोगों को जैम वर्ल्ड के माध्यम से अवगत करवानाा। हमारी जैम वर्ल्ड द्विभाषिक पत्रिका के पिछले पांच इश्यू पूरी दुनिया भर की जानकारी और इससे जुड़े लेखों से सुसज्जित रहे हैं। आने वाले अंकों में भी हम ट्रेड को बढ़ावा देने वाले और नॉलेज शेयरिंग से संबंधित आर्टिकल्स जुटाने की हमारी मुहिम को जारी रखेंगे। कृपया अपने सुझावों और विचारों से हमें खुलकर अवगत कराएं। आप gemworld@jajaipur.com पर अपने सुझाव भेज सकते हैं।

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# जैम वर्ल्ड 2022-24

## सलाहकार मंडल



**डी.पी. खण्ड़ेलवाल**
अध्यक्ष



**आलोक सौंखिया**
उपाध्यक्ष



**नीरज लुणावत**
मानद् मंत्री,
संयोजक, जैम वर्ल्ड पत्रिका



**अभिषेक सांड**
सदस्य



**अदित बरड़िया**
सदस्य



**महेश खण्ड़ेलवाल**
सदस्य



**नरेश अगरोया**
सदस्य



**शिरीष अग्रवाल**
सदस्य



**सुधीर ठोलिया**
सदस्य

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# कार्यकारी समिति
# सत्र 2022-2024



डी.पी. खण्ड़ेलवाल
अध्यक्ष



आलोक सौंखिया
उपाध्यक्ष



नीरज लुणावत
मानद् मंत्री



राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
संयुक्त सचिव



गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
कोषाध्यक्ष



अभिषेक जैन
सदस्य



अभिषेक सांड
सदस्य



अजय गोधा
सदस्य



अशोक माहेश्वरी
सदस्य



बिट्ठल दास माहेश्वरी
सदस्य



महावीर कुमार डागा
सदस्य



नरेन्द्र लक्खी
सदस्य



निर्मल कुमार बरड़िया
सदस्य



पंकज सौंखिया
सदस्य



प्रदीप मेहता
सदस्य



रामशरण गुप्ता
सदस्य



सुनील मनिहार
सदस्य



विजय केड़िया
सदस्य

# उप-समितियां
# सत्र 2022-2024

**सभी उपसमितियों में अध्यक्ष डी.पी.खण्ड़ेलवाल एवं मानद् मंत्री नीरज लुणावत पदेन सदस्य होंगे।**

### जैम वर्ल्ड सलाहकार मंडल
### मानद मंत्री एवं संयोजक
नीरज लुणावत
**सदस्य**
अभिषेक सांड
अदित बरड़िया
आलोक सौंखिया
महेश खण्ड़ेलवाल
नरेश अगरोया
शिरीष अग्रवाल
सुधीर ठोलिया

### वित्त संग्रह
**संयोजक**
रामशरण गुप्ता
**सदस्य**
जुगल किशोर डेरेवाला
निर्मल कुमार बरड़िया
राजेन्द्र साबू
संजय काला
श्याम सुन्दर खटोरिया
विजय केड़िया

### धर्मकांटा
**संयोजक**
पंकज सौंखिया
**सदस्य**
भारत भूषण गुप्ता
किरण शाह
मनीष अग्रवाल
मोहम्मद अंसारी
मुरली गोपाल झालानी
नीरज सौंखिया
निमीश खण्ड़ेलवाल
रोहिताश सौंखिया
श्रीराम विजय

### शोध, विकास एवं मैन्यूफेक्चरिंग
**संयोजक**
प्रदीप मेहता

### कर, विधि, आयात-निर्यात संवर्धन एवं कस्टम
**संयोजक**
विजय केड़िया

### विधान संशोधन
**संयोजक**
विजय केड़िया

### पंच फैसला
**संयोजक**
निर्मल कुमार बरड़िया

### रत्न दलाल
**संयोजक**
सुनील मनिहार
**सदस्य**
गौरव फोफलिया
ललित कुमार जैन (चपलावत)
महेश गुप्ता
मज़ीद भाई घोड़ेवाला
नवल बिहारी गुप्ता
प्रमोद कोटावाला
प्रीतम कोठारी
रोहित धांधिया
सत्य नारायण मालपानी
शिरिष अग्रवाल
सुमेर मल लोढ़ा
सुरेश मूथा
वेनी प्रसाद गुप्ता
विनीत अग्रवाल

### जनोपयोगी भवन
**संयोजक**
महावीर कुमार डागा
**सदस्य**
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
अमित जैन
दीपक मित्तल
गौतम पंसारी

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# उप-समितियां सत्र 2022-2024

किशन मूंदड़ा
नील कंठ भंडारी
राजेश डागा
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
संदीप गुप्ता
संजय डागा
वेनी प्रसाद गुप्ता

### डिजिटाइजेशन/IT/Social Media
**संयोजक**
अभिषेक सांड

### ट्रेड रेगुलेटरी (टी.आर.सी)
**संयोजक**
निर्मल कुमार बरड़िया

### सदस्यता प्रपत्र जांच
**संयोजक**
डी.पी. खण्लडेलवाल

### सेमिनार
**संयोजक**
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल

### व्यापारिक सुरक्षा
**संयोजक**
नरेन्द्र लक्खी

### सामाजिक सरोकार
**संयोजक**
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
**सदस्य**
अभिषेक सांड
आकाश अग्रवाल
आलोक सौंखिया
बृज किशोर अग्रवाल
धर्मेन्द्र चौपड़ा
कृष्ण कुमार अग्रवाल
मदन मोहन विजय
महावीर कुमार डागा
नरेन्द्र लक्खी
नीलेश कुमार छाजेड
नीरज खण्डेलवाल
पंकज सौंखिया
प्रमोद बाणवाला
राजेश डागा
राजेश कटारिया
राम सहाय माहेश्वरी (मांधना)
रामशरण गुप्ता
सुधांशु रावत
विमल गुप्ता (जिन्दल)

### बी2बी शो (JAGS)
**संयोजक**
अभिषेक सांड
**सदस्य**
अब्दुल शकूर लाली
आलोक सौंखिया
आनन्द राव
आशीष बंग माहेश्वरी
आशीष सिंघवी
धर्मेन्द्र चौपड़ा
घनश्याम साहू
केतन मुंशी
कृष्ण बल्लभ नाटाणी
महावीर कुमार डागा
नील कंठ भंडारी
प्रमोद कोटावाला
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

### परिचय-पत्र, प्रमाणपत्र एवं डाइरेक्ट्री
**संयोजक**
अजय गोधा

### ज्वैलर्स असोसिएशन एम्प्लॉयमेंट ड्राइव
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# उप-समितियां
# सत्र 2022-2024

### ज्वैलर्स असोसिएशन शो (JAS)
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी
**सह संयोजक**
अजय गोधा
नरेश अगरोया
**सदस्य**
अभिषेक जैन
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
अनिल ताम्बी
अरूण गोखरू
बजरंग बाहेती
बिट्ठल दास माहेश्वरी
दीपक साहू
गौरव जैन
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
जितेन्द्र सिंह शेखावत
कमल जिंदल
कृष्ण कुमार अग्रवाल
महावीर कुमार डागा
महेन्द्र लुहाड़िआ
महेश खण्ड़ेलवाल
मुकेश विजय
नरेन्द्र लक्खी
निर्मल कुमार बरड़िया
नितिन गिलारा
पंकज सौंखिया
प्रदीप मेहता
राघव खण्ड़ेलवाल
राजेश डागा
राजेश धामाणी
राजेश नाहर
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
रामशरण गुप्ता
रूपेश ताम्बी
संचित टाटीवाला
संजय काला
शुभांग मित्तल
सुधीर ठोलिया
सुनील बटवाड़ा
सुनील कुमार गुप्ता
सुनील मनिहार
सुरेश ढढ्ढा
विजय केड़िया
यशेष ताम्बी

### के वाई सी
**संयोजक**
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

### यंग एन्ट्रीप्रिन्योर
**संयोजक**
अभिषेक जैन
**सदस्य**
अखिल गोयल
गिरजा शंकर शर्मा
निखिल गुप्ता
विनोद कुमार भुखमारिया
योगेश कुमार साहू

### ज्वैलर्स असोसिएशन, जौहरी बाजार भवन रख-रखाव
**संयोजक**
पंकज सौंखिया
**सदस्य**
अब्दुल शकूर लाली
आकाश अग्रवाल
आलोक कुमार सिंह
चर्चिल पटेल
दीपक गुप्ता
दिलीप पंजाबी
किशन मूंदडा
कोमल जैन
कृष्ण कुमार अग्रवाल
मनीष कोठारी
रोहिताश सौंखिया
शरद गोयल
शैलेश कुमार मेहता
तारक नाथ मिश्रा
विनोद कुमार भुखमारिया
विशाल मालपानी

GEMFIELDS



Responsibly sourced Zambian emeralds and Mozambican rubies.
Championing transparency and trust in the coloured gemstone industry.

GEMFIELDS.COM

Jaipur Gem




EMERALD


RUBELLITE


AQUAMARINE


AMETHYST


PEACH MORGANITE


TANZANITE


TSAVORITE


PINK TOURMALINE


PERIDOT


BLUE TOPAZ


PINK MORGANITE


YELLOW BERYL




WWW.JAIPURGEM.COM

(A UNIT OF LUNAWAT GEMS CORPORATION)

2135-36,Lunawat House,Haldion Ka Rasta Johari Bazar,
Jaipur,302003(Raj.)india

TEL NO: +91-141-257-1401,+91-141-2571402

Email-contact@lgcindia.com,lunawatgem@gmail.com




valentine®

JAIPUR



VALENTINE JEWELLERY INDIA PVT. LTD.
E: order@valentinejewelleryindia.com
T: +91-7412077885

VALENTINE JADAU
E: val.jadau@gmail.com
T: +91-7412077880

valentinejaipur
www.valentinejaipur.com









Certifed Member of Responsible Jewellery Council


**Corporate Office**
RMC Gems India Ltd.
24, Bardiya Colony, Museum Road,
Jaipur 302004 India
Tel: 91-141-2533050,2533092
Email: rmc@rmcgems.in

RMC
www.rmcgems.in

**SEZ Factory**
RMC Gems India Ltd.
G1-18 & 19, SEZ Phase 1, Sitapura Industrial Area,
Tonk Road, Jaipur 302022 India
Tel: 91-141-2770687 Fax: 91-141-2770669
Email: rmc@rmcgems.in



JEWELLERS' ASSOCIATION
JAIPUR
ANNOUNCING
jas
connect to source
THE PREMIUM B2B SHOW
18, 19, 20 & 21 NOVEMBER'22
JEWELLERS' ASSOCIATION
JAIPUR
JECC, SITAPURA, JAIPUR
252, Johari Bazar, Jaipur Ph: +91 141 4034112, 113, 2563829 Email: info@jasjaipur.com
www.jasjaipur.com

# प्रीमियम बी2बी ज्वैलर्स असोसिएशन शो का नवंबर में होगा भव्य आयोजन

## जेईसीसी, सीतापुरा में 18 से 21 नवंबर तक चलेगा शो






अशोक माहेश्वरी
संयोजक, जस

इस नवंबर में होने वाले 'जस बी2बी शो' को अभूतपपूर्व बनाने के लिए हमारी टीम पूरे जोश और उत्साह के साथ तैयारियां कर रही हैं। यह शो आज जयपुर ज्वैलर्स की अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन चुका है इसके स्तर को बढ़ाना और एग्जीबिटर्स से बॉयर्स का कनेक्शन और मजबूत करना इस शो का उद्देश्य रहा हैं। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए इस बार हमने एग्जीबिटर्स के लिए बूथ को और भी प्रीमियम और अंतराष्ट्रीय रूप दिया हैं।

नवंम्बर माह ज्वैलरी ट्रेड के लिए काफी संभावनाओं से भरा होता है त्यौहारी सीजन, शादी समारोह का समय और बाकी शोज से इसका लगभग 2 महीने का अंतराल इस शो की सफलता को और पुख्ता करता हैं।

इस बार होने वाले 'जस बी2बी 2022' में हमारा पूरा ध्यान ज़्यादा से ज़्यादा प्रीमियम केटेगरी बॉयर्स को अपने शो कि ओर आकर्षित करना हैं साथ ही अंतराष्ट्रीय बायर्स को भी संपर्क करने के लिए हम सारे संभव प्रयास कर रहे है। बॉयर्स को प्रीमियम और अंतराष्ट्रीय स्तर की रहने, खाने और कन्वेन्स की सुविधाएं मिलेंगी। इस शो मे एग्जीबिटर्स द्वारा उच्च गुणवत्ता के रत्न व आभूषण जैसे परंपरागत कुंदन मीना पोल्की ज्वैलरी से लेकर कट व पॉलिश जेमस्टोन्स की विशाल रेंज उपलब्ध कराई जाएगी। नॉलेज शेयरिंग सेशंस, बिज़नेस इकोनॉमिक्स पर चर्चा और रिसोर्सेज की जानकारियां दी जाएगी जिससे ट्रेड को प्रोत्साहन और रफ़्तार मिले।

यह शो पूर्ण रूप से बी2बी पैटर्न पर संचालित होगा, यह शो और समय हमारे ट्रेड मार्केट के लिए निश्चित ही संभावनाओं से भरा हुआ साबित होगा।



देश के टॉप प्रीमियम बी2बी ज्वैलरी शो की बात हो और ज्वैलर्स असोसिएशन शो (जस) का जिक्र न हो, यह असंभव है। इस बी2बी शो का आयोजन अगस्त 2021 में हुआ था और इसके बाद इस साल अप्रैल में सलेक्ट बी2बी शो का भी भव्य आयोजन हो चुका है। ज्वैलरी इंडस्ट्री में ये दोनों ही शो बड़े ट्रेंडसेटर्स कहे जा सकते हैं। इन शोज़ के माध्यम से बॉयर्स और सेलर्स, दोनों के ही लिए विशाल कारोबारी अवसर यहां उपलब्ध कराए गए। इन दोनों ही शोज़ में 100 से अधिक प्रीमियम एग्जीबिटर्स और 600 से अधिक होस्टेड बॉयर्स ने अपनी मौजूदगी दर्शाई। इसमें कोई शक नहीं है कि ज्वैलर्स असोसिएशन शो (जस) ने

ज्वैलरी ट्रेड में अपने अग्रणी और दमदार आयोजनों के बल पर इंडस्ट्री के भीतर अपनी खास पहचान कायम की है। जस के सभी आयोजनों में देश-विदेश के नामी बॉयर्स भाग लेते रहे हैं। इन शोज़ के माध्यम से नेटवर्किंग के बहुत ही शानदार अवसर मिलते रहे हैं और इनके माध्यम से वेडिंग और फेस्टिव सीजन के लिए नायाब कारीगरी के रचनात्मक कीर्तिमान भी कायम किए जाते रहे हैं।

इसी अवधारणा और सफलता की नई ऊंचाइयों को और नया शिखर प्रदान करने जा रहा है ज्वैलर्स असोसिएशन शो (जस) का नवंबर 2022 में होने जा रहा शो। इसका आयोजन जेईसीसी, सीतापुरा में 18 से 21 नवंबर तक हो रहा हैं।

जस का आयोजन इस बार जिस अभिनव और रचनात्मक आधार पर किया जा रहा है उसकी थीम है-'कनेक्ट टू सोर्स'। जयपुर पूरे विश्व में कलर्ड जैमस्टोन के मामले में अपनी विशेष पहचान रखता है और यह ज्वैलरी से संबंधित हर सेगमेंट का अपने आप में एक प्रमुख स्रोत है इसीलिए जस शोज़, इस सोर्स को बायर्स से जोड़ने का प्रमुख माध्यम बनते हैं। इसी थीम के माध्यम से ट्रेडर्स के बीच बेहतर कनेक्टिविटी पर फोकस किया जाएगा ताकि बिजनेस और अधिक बढ़ सके।

यह शो अपनी शानदार और उत्कृष्ट परंपरा को कायम रखते हुए एक बार फिर से अगले माह ग्लोबल ट्रेडर्स, होलसेलर्स और बी2बी एग्जीबिटर्स का हब बनने जा रहा है।

**ये होंगी मुख्य विशेषताएं**

- **100 से अधिक एग्जीबिटर्स**
- **देशभर से 600 से अधिक होस्टेड बॉयर्स**



- **एक लाख स्क्वायर फीट में फैला कन्वेन्शन सेंटर**
- **प्री-फेब्रिकेटेड बूथ**
- **वर्ल्ड हेरिटेज डेस्टिनेशन**
- **ब्लॉगर्स एंगेजमेंट**
- **ग्रैंड नेटवर्किंग गाला नाईट**
- **सेलिब्रेटी एंकर और चीफ गेस्ट**
- **फाइव स्टार व्यवस्थाएं**
- **सोशल मीडिया की गहमागहमी**
- **नेटवर्किंग के भरपूर अवसर**

अप्रैल 2022 शो की झलकियां







JAGS
JEWELLERS ASSOCIATION
GEMSTONE SHOW

# देश-विदेश में छाया जयपुर का जैम स्टोन शो

देश के एकमात्र बीटूबी ज्वैलर्स असोसिएशन जैम स्टोन शो के 21वें संस्करण को लेकर इस बार जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। शो के सभी 60 बूथ बुकिंग शुरू होने के पहले ही दिन बुक हो गए, अनेक एग्जिबिटर्स को वेटिंग से संतोष करना पड़ा। ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर द्वारा आयोजित इस बहुप्रतीक्षित एक दिवसीय शो में एग्जिबिटर्स एवं विजिटर्स के तौर पर देश-विदेश के अनेक हिस्सों से भी रत्नाभूषण उद्योग से जुड़े व्यापारी शामिल हुए।



शो का औपचारिक उद्घाटन करते मुख्य अतिथि गोपाल दास सोंखिया, विशिष्ट अतिथि अरविंद गुप्ता और ज्वैलर्स असोसिएशन वर्किंग कमेटी के सदस्य

शो का आयोजन जनता कॉलोनी स्थित जनोपयोगी भवन में किया गया था, जहां उद्घाटन होने के पहले से ही खरीदारों की भीड़ जुटने लगी और समापन के बाद तक विभिन्न सौदों को अंतिम रूप प्रदान करने की कवायद चली। ज्वैलर्स असोसिएशन के अध्यक्ष डी.पी. खंडेलवाल ने बताया कि शो के मुख्य अतिथि रत्न व्यवसायी, जन हितेषी गोपाल दास सौंखिया एवं विशिष्ट अतिथि सीतापुरा जैम्स एंड ज्वैलरी असोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता थे। उन्होंने बताया कि यह शो आभूषण निर्माताओं के लिए अत्यंत लाभकारी भूमिका निभाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे कारोबारी जो रत्नों की तलाश में रहते हैं एवं आगामी त्यौहार एवं अन्य शो के लिए रत्नों का स्टॉक करना चाहते है, उन्हें योग्य, उन्नत गुणवत्तापूर्ण सामग्री यहां से आसानी से प्राप्त हो जाती है। इस मौके पर ज्वैलर्स असोसिएशन के मानद् सचिव नीरज लुणावत ने बताया कि इस प्रकार की प्रदर्शनी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बाजार में भिन्न-भिन्न प्रकार की खरड़ की आपूर्ति को बनाए रखना है। इसके अलावा अन्तरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शो के दौरान मिले ऑडर्स की आपूर्ति के लिए जौहरीगण इस प्रदर्शनी के जरिए खरीदारी कर पाते है।





### पार्टिसिपेशन पत्र भी सौंपे

शो में भाग लेने वाले सभी 60 भागीदारों को आयोजकों की तरफ से पार्टिसिपेशन पत्र भी सौंपे गए। आयोजकों ने बताया कि यह पहल पहली बार शुरू की गई है, जिसके तहत शो से जुड़ने वाले प्रत्येक एग्जिबिटर को समापन सत्र के दौरान आयोजकों की ओर से यह पत्र जारी किया गया। साथ ही भविष्य की योजनाओं को लेकर भी जानकारी साझा की गई।





"शो में 60 बूथों पर प्रतिभागियों द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार के कट स्टोन एवं खरड़ को प्रदर्शित किया गया। शो में प्रतिभागियों को बहुत ही न्यूनतम दर पर बूथ दिए गए। इस बार शो को करीब 2000 बॉयर्स ने विजिट किया, इनमें बड़ी संख्या में विदेशी भी शामिल हुए। **शो के आगामी 22वें संस्करण का आयोजन इसी वर्ष 15 अक्टूबर को होगा।**"

**अभिषेक सांड**
संयोजक
ज्वैलर्स असोसिएशन जैम स्टोन शो (JAGS)



**मुकेश रोहिल्ला**
**एग्जिबिटर**



**टैरी**
**बॉयर**

### शो में दिखा गजब का उत्साह

मैं बीते कई सालों से इस शो में आता रहा हूं, लेकिन इस बार जो पार्टिसिपेशन दिखाई दे रहा है वह वास्तव में गजब का है। मैं चाहता हूं कि यह पार्टिसिपेशन ऐसा ही बना रहे और यह शो आगामी चंद दिनों में ही दुनिया के टॉप शोज में जगह बना लेगा।

### विभिन्न तरीके के रफ स्टोन्स एक ही स्थान पर

शो का हिस्सा बनना काफी अच्छा लगा। यहां आकर खरीदारी करना और विभिन्न तरीके के रफ स्टोन्स को एक ही स्थान पर प्रदर्शित करने का प्रयास काफी अच्छा है।






जैम्स शो गाइड को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि तथा
ज्वैलर्स असोसिएशन के पदाधिकारियों ने बड़े उत्साह के माहौल में लॉन्च किया।

# “मेरी कहानी मेरी जुबानी”

## डॉ. रजनीकांत शाह

### भाग 1

*कहानी जयपुर की गलियों से निकलकर दुनियाभर में छा जाने वाले मशहूर जौहरी डॉ. रजनीकात शाह की। पन्ना किंग के रूप में विख्यात डॉ. शाह ने 70 के दशक में गिर रहे जयपुर के रत्न उद्योग को संभाला और अपने अथक प्रयासों की बदौलत इसे नई बुलंदियों पर पहुंचा दिया। जब रत्न उद्योग में गिरावट का समय था और दिग्गज कारोबारी इस उद्योग से दूरी बना रहे थे, तब डॉ. शाह ने अनेक कारोबारियों को इस व्यवसाय से फिर से जोड़ा और व्यापार को रफ्तार दी।*

*डॉ. शाह की इस कहानी की शुरुआत न्यूयॉर्क से होती है, जिसके बाद जयपुर और ब्राजील से उनके पन्ना किंग बनने के खूबसूरत अनुभवों के साथ आगे बढ़ती है। इस दौरान रत्न नगरी जयपुर के एमरल्ड सिटी बनने की कहानी को भी प्रस्तुत किया गया है। जैम वर्ल्ड के इस अंक में डॉ. शाह पर आधारित विशेष श्रृंखलाओं की पहली कड़ी का प्रकाशन किया जा रहा है। पेश है डॉ. शाह की कहानी, उन्हीं की ज़ुबानी।*

**सपनों के शहर में 1965 से हुई व्यापार की शुरुआत**

न्यूयार्क, जिसे सपनों का शहर भी कहा जाता है और बहुत से भारतीय युवा वहां पढ़ाई करने जाते है। इन्हीं में से एक मैं भी था। वर्ष 1965 में न्यूयॉर्क में मेडिसिन की पढ़ाई करने आया था। तब न्यूयॉर्क में वर्ल्ड फेयर आयोजित किया जा रहा था। उस समय मेडिकल की पढ़ाई के लिए एक हॉस्पिटल का चयन करना था, मैनें पढ़ाई के लिए वर्ल्ड फेयर आयोजन स्थल के पास स्थित एक हॉस्पिटल का चयन किया। पढ़ाई से समय मिलते ही मैं फेयर को विजिट करने लगा था।

मैनहट्टन में 47वीं स्ट्रीट पर खूबसूरत आभूषण बाजार-डायमंड डिस्ट्रिक्ट था,



जो काफी आकर्षित करता था, इसलिए मैनें वहां भी आने-जाने की शुरुआत की।

न्यूयॉर्क में पढ़ाई के दौरान मैनें भारत में रहने वाले अपने चाचा जी से सेमी प्रीशियस स्टोन्स के बारे में चर्चा की। वे बाजार से माल के ऑर्डर मिलने पर उनकी आपूर्ति करते थे। साथ ही मैनें कट और पॉलिश पन्ने का कारोबार करने वाले दोस्तों से भी पन्ना कारोबार की बारीकियों के बारे में बात की। उन दिनों माल को जाकड पर आयात करना आसान था और माल की गुणवत्ता एवं खरीद की जांच करने की सुविधा भी खरीदारों को आसानी से मिल जाती थी। जो माल पसंद नहीं आता था वो वापस भेज दिया जाता था। इसके लिए कड़े नियम या पाबंदियां नहीं थी।

**47वीं स्ट्रीट पर बेचा पहला पन्ना**

पढ़ाई के दौरान ही मुझे कारोबार करने के प्रति एक जुनून सा होने लगा था और यहीं वजह थी कि मैं रत्नों के कारोबार की हर गतिविधि पर पैनी नज़र रखने लगा था। जब भी अस्पताल से समय मिलता तो व्यापारियों से मिलने 47वीं स्ट्रीट जाता और ऐसा सप्ताह में एक बार हो ही जाता था। इन दिनों मेरे पास सेमी प्रीशियस स्टोन्स के कुछ पीसेज भी थे, जिन्हें स्थानीय व्यापारियों को दिखाकर ऑर्डर प्राप्त करता और जो ऑर्डर्स मिलते, उन्हें चाचा जी की कंपनी शांतिलाल एंड कंपनी को भेज देता था और वे मुझे माल की आपूर्ति कर देते थे। इस बीच मुझे भारत में रहने वाले दोस्तों ने पन्ने का एक लॉट भेजा, जिसे मैंनें न्यूयॉर्क में व्यापारियों को दिखाया। मैनें व्यापारियों से आग्रह किया कि वे लॉट में से अपने पसंदीदा पीस का चयन कर लेंवे और जो माल रह जाएगा, उसे मैं अगले सप्ताह उनसे वापस ले लूंगा। इसी प्रकार अगले सप्ताह मैनें लॉट को अन्य खरीदारों के पास छोड़ा। यह प्रयास सही रहा और बाजार में मेरे प्रति भरोसा बढऩे लगा और कुछ ही समय में पार्सल का माल पूरा बिक गया। अब सम्पर्क का दायरा काफी बढ़ चुका था। ब्रोकर और एजेंट दोनों ही एयरपोर्ट पर माल और पेमेंट देने एवं लेने आ जाते थे, जिससे सबकुछ काफी आसान हो चुका था। माल की हैंडलिंग और भुगतान की प्रक्रिया साफ और स्पष्ट हो चुकी थी और मैं भी इसे काफी करीब से जानने लगा था।

**ब्राजील से जयपुर आए 'जोबन' ने भरी रत्नों की दरारें**

न्यूयॉर्क में पढ़ाई के साथ व्यापार अच्छा चलने लगा था। इस कड़ी में अगले वर्ष अस्पताल में ही मेरी मुलाकात शिव शंकर गुप्ता जी से हुई। वह ब्राजील से रफ़ पन्ने के खरीदारों में प्रमुख थे। वह कैंपो फॉर्मोसो के पास कार्नाइबा में स्थित सेलिनिनहा माइंस से माल खरीदते थे, जिसे पुरानी ब्राजील या ओल्ड ब्राजील के नाम से भी लोग जानते है। इसके मिलने के करीब 15 वर्ष बाद नई ब्राजील की खोज की गई थी। यहां मिलने वाले पन्ने की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं थी। इसका रंग नीला और धुंए के समान था, लेकिन साईज अच्छा था। यहां मिलने वाले पन्ने में काफी दरारें थी और इन दरारों को भरने के लिए इसे हर समय तेल में रखना पड़ता था। इन स्टोन्स की देखरेख के लिए ब्राजील के लोग तेल में मिले एक खास प्रकार के रंगीन पाउडर जोबन का इस्तेमाल करते थे। पहले इस तेल पर स्थानीय लोग अपना एकाधिकार जताते



थे, लेकिन बाद में भारी मात्रा में तेल को खरीदकर जयपुर भेजा गया और इसके वहां पहुंचते ही जयपुर के पन्ना बाजार में भारी वृद्धि दिखाई दी। इस बीच एक बुरी खबर ने हमें आहत कर दिया। वर्ष 1974 में गुप्ता जी ने ब्राजील में अपने भाई को खो दिया और इसके बाद उनकी खरीदारी काफी कम हो गई। समय धीरे-धीरे गुजर रहा था और अब जागरुकता भी आने लगी थी। जयपुर से अन्य खरीदार रफ के व्यापार के सिलसिले में ब्राजील की यात्रा करने लगे थे। जैसे-जैसे बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ी, कीमतें भी बढ़ने लगी। पहली बार 1974 में अपने चचेरे भाई के साथ मैनें भी ब्राजील की यात्रा की, जो यादगार अनुभव था।

**जब जयपुर का बाजार ढहने लगा**

रत्न नगरी जयपुर में एक दौर ऐसा भी आया, तब स्थानीय रंगीन रत्न बाजार ढहने लगा था। यह वर्ष 1976 का समय था, जब पन्ने की कीमतों में जबरदस्त गिरावट आई। तब प्रचलित धरावट (Fix Price) पर व्यापारी 80 प्रतिशत तक की छूट पर माल बेचने को तैयार थे। बाजार में माल की मांग नहीं थी और स्टोन्स के साईज भी एक मुद्दा बन गया था। विदेशी बाजार को कैलिब्रेटेड सामान की जरूरत थी, जबकि जयपुर के कारीगर फ्री साईज में माल बनाने के विशेषज्ञ थे। अधिकांश कारीगर माल का वजन ज्यादा से ज्यादा लेने के कारण फ्री साईज ही बनाने की कोशिश करते थे।

तब हालात ऐसे थे कि मांग कम होने से ब्राजील के बाजार भी लगभग ठप पड़ चुके थे। वहां रफ खरीदने के लिए लंबें समय तक भारतीय व्यापारी नहीं गए। मंदी के कारण अनेक व्यापारी इस उद्योग से बाहर जाने के विकल्प तलाशने में लग गए। उस समय मैं केवल एक मात्र ऐसा कारोबारी था, जो नियमित रूप से ब्राजील जाता और कच्चा माल खरीदता। मैंने हर खनिक की मदद की और उनसे माल खरीदने का पूरा प्रयास किया। मेरी मेहनत को देखते हुए ब्राजील के कैंपो शहर के मेयर भी एक बार मेरे पास आए और उन्होंने स्थानीय खनिकों की मदद करने के लिए मुझे धन्यवाद दिया। यह पल मेरे लिए सबसे खूबसूरत पल था।



**जैम वर्ल्ड को डॉ. रजनीकांत शाह के अनुभवों को उनके विचारों की भावना के अनुरूप और उनके ही शब्दों में प्रकाशित करने पर काफी प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। इसे अगले तीन-चार अंकों में भी जारी रखा जाएगा।**

अंतरराष्ट्रीय शो

# द लास वेगास शो

खूबसूरत और बहुप्रतीक्षित लास वेगास शो हाल ही सम्पन्न हुआ। शो के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए जैम वर्ल्ड ने लोकप्रिय ब्लॉगर और इन्फ्लुएंसर रेणु चौधरी के इंस्टा हैंडल 'द डायमंड टॉक' को फॉलो किया, जिन्होंने इस शो की तमाम बारीकियों और विशेषताओं को अपने इंस्टा हैंडल पर साझा किया था।

## जोसेफ सैडियन एंड संस ज्वैलरी



19वीं सदी की अद्वितीय रचना के रूप में एक टी सेट शो में सभी की नज़रों के बीच आकर्षण का केन्द्र रहा। सोने और हीरा ज़ड़ित टी सेट को निहारने के लिए कलाप्रेमियों में उत्सुकता दिखाई दी। टी सेट ने अपनी खूबसूरती की बदौलत सभी के बीच अतीत को फिर से जीवंतता प्रदान की। साथ ही इनेमेलिंग से सजी उसकी चमकती सतह ने पुरातन काल की नक्काशी कला को भी प्रदर्शित किया, जिससे सभी उसकी तरफ मोहित नजर आए।



**रेणू चौधरी का 'द डायमंड टॉक' हैंडल इंस्टा वर्ल्ड में अपनी एक खास पहचान रखता है और दुनियाभर में उनके 82,000 से अधिक फॉलोवर्स है, जिसमें लगातार बढ़ोतरी जारी है। इसी कारण उन्हें दुनिया के प्रमुख इन्फ्लुएंसर्स में शामिल किया जाता है। पेश है द लास वेगास शो के अपडेट्स, ट्रेंडिंग स्टाइल्स और मास्टरपीस को बयां करती एक रिपोर्ट.**

## लिडिया कर्टेली

पेरिस की हाई-एंड ज्वेलरी डिजाइनर लिडिया कर्टेली ने 17वीं शताब्दी में बने वास्तुशिल्प की अद्भुत मिसाल 'ताजमहल' की कृति को आभूषणों से पुर्नजीवित किया। यह उत्कृष्ट कृति उनके नए खूबसूरत संग्रह 'इंडियन सॉन्ग' का हिस्सा है, जिसमें भारतीय संस्कृति के विविधता भरे रंगों को प्रदर्शित किया गया।



## सिल्विया फुरमानोविच

ब्राजील की डिजाइनर की रचना में विस्तृत शिल्प कौशल और ताजगी ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने उज़्बेकिस्तान में रेशम उत्पादन का केंद्र एवं हरी-भरी फर्गना घाटी से प्रेरित होकर 'सिल्क रोड' संग्रह को प्रस्तुत किया। इस रचना के निर्माण के लिए जानकारी हासिल करने के लिए उन्होंने वहाँ के कपड़ा निर्माताओं से अनेक बार मुलाकात की। शुद्ध रेशम के बहु-रंगीन धागों से बुने हुए छोटे टेपेस्ट्री बनाने के लिए रेशम बुनकरों से भी जानकारी हासिल की। इस दौरान उनके द्वारा निर्मित कृति में उनकी बेमिसाल रचनात्मकता नज़र आई। इसमें नजर आया कि चमकीले रंग के पीस एक करघे पर सावधानीपूर्वक हाथ से तैयार किए जाते हैं और इसमें 1,600 से अधिक बुनाई की गांठें होती हैं।





## असैल पर्ल्स



तीन तरह से स्टाइल होने वाले अद्भुत हार ने तत्कालीन राजाओं की असाधारणता को सभी के बीच फिर से पुर्नजीवित कर दिया। इस रचना को देखने के दौरान कलाप्रेमी भव्य मोती और एक्वामरीन हार के मोहपाश में बंधें नजर आए। वायलेट स्पाइन के साथ नेचुरल सॉल्टवाटर स्पाइनी ऑयस्टर रिंग के वायलेट रंग बेहद आकर्षक रहे, रंगों का सौन्दर्य बेहद प्रभावी था।

## एल्सा जिन



'लाइफ 2022' संग्रह का यह ब्रोच 71.93 कैरेट पन्ने से सजा है और 4 पंखों से प्रेरित ब्रोचेज की श्रृंखला का अहम हिस्सा है। उच्च श्रेणी के आभूषणों को अनुरूपता प्रदान करने में 17 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाली एल्सा जिन ने यहां अपने डिजाइन संग्रह में स्त्रीत्व और चीनी कलात्मकता के सुंदर मिश्रण को प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने डिजाइन में प्राचीन कला की कल्पना को साकार करते हुए आभूषणों को प्रदर्शित किया।

## मोरेल डेविडसन



सोने पर चांदी के आवरण एवं रोज कट डायमंड्स से बनाए गए वर्ष 1860 के विक्टोरियन युग का मुकुट बेहद सम्मोहक था। इसमें एक हार, ब्रोच और झुमके में परिवर्तित होने की विशेषता समाहित थी। रेणु के अनुसार मोरेल डेविडसन एक बेहतरीन ज्वैलरी कंपनी है, जो एंटीक विंटेज ज्वैलरी और रंगीन रत्नों में विशेषज्ञता रखती है।

## वर्नियर



शो में वर्नियर के रंगीन टाइटेनियम रिंग्स को भी करीब से निहारने का मौका मिला। इन रिंग्स के सौन्दर्य ने सभी का दिल जीत लिया। सीमित संस्करण रेनबो रिंग्स हीरे और कुशन कट रंगीन रत्नों के संयोजन से बनाई गई। सौ अंगूठियों के सीमित संस्करण एवं क्रमांकित कैप्सूल के जरिए इस रचना में ब्रांड की विशेषताओं को समाहित किया गया। स्पष्ट एवं प्रभावी होने के साथ ही इसके आकार और अद्भुत सामग्री के साथ प्राकृतिक स्टोन्स का अद्वितीय संयोजन बेहद आकर्षक था।

इन्फ्लुएंसर रेणु चौधरी ने अपने इंस्टा हैंडल पर लास वेगास शो के विशेष पलों, खूबसूरत आभूषणों और साक्षात्कारों के अंशों का मिश्रण साझा किया है। अधिक जानकारी के लिए उन्हें इंस्टाग्राम पर फॉलो किया जा सकता है।




JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

GEM WORLD
Official Magazine Of **The Jewellers Association, Jaipur**

Know • Connect • Grow

The 48 year old magazine has always enjoyed a huge reader base in India as well as across the globe. We invite you to use this platform to advertise in the magazine and expand your access to a global audience in different parts of the world. Come forth and showcase your business in one of the most read jewellery magazines of the trade. This e-magazine will be circulated amongst a wide reader-base, hence your brand-reach is unlimited.

For advertisement tariff or more enquiry, contact: **+91 87696 64864 | +91 99502 11331**
E: gemworld@**ja**jaipur.com





## आम्रपाली ज्वैल्स

# हमारा मूल उद्देश्य भारतीय विरासत को बढ़ावा देना है.



**तरंग अरोड़ा**
**सीईओ व क्रिएटिव डायरेक्टर**

**हमें अपनी कंपनी और उसमें आपकी भूमिका के बारे में बताएं?**

मेरे पिता एवं मेरे चाचा ने वर्ष 1978 में आम्रपाली ज्वैल्स की स्थापना की थी, जो अब एक लग्जरी ज्वैलरी ब्रांड के रूप में स्थापित है। मैं शुरू से ही ज्वैलरी के बारे में देखते, सुनते और बात करते हुए बड़ा हुआ हूं, इसलिए ज्वैलरी के प्रति एक जुनून है और स्वाभाविक झुकाव भी है। मुझे ज्वैलरी पसंद है और इससे जुड़े डिजाइनिंग, सोर्सिंग, निर्माण, विपणन, टीम निर्माण एवं बिक्री सहित सभी पहलुओं को मैं समझता हूं और यहां सभी विभागों की व्यक्तिगत तौर पर देखरेख करता हूं।

**आम्रपाली को विश्व स्तर पर अपने अद्वितीय डिजाइनों के लिए जाना जाता है। इस लिहाज से मुख्य आकर्षण क्या हैं?**

आम्रपाली में डिज़ाइन और डिज़ाइनिंग की प्रक्रिया बहुत महत्वपूर्ण है और वास्तविकता में यहीं हमारी विशेषता है।









हम प्रयोग करने से कभी डरते नहीं हैं या यूं कहें कि असामान्य चीजें करने से कभी पीछे नहीं हटते हैं। हम बनाते हैं, हम ब्रेक करते हैं और फिर हम रीमेक भी करते हैं, यह हमारे प्रयासों की अभिनव पहल है। मेरे लिहाज से डिज़ाइन एक मुख्य आकर्षण है और फिर इस डिजाइन को जीवंतता प्रदान करने के लिए रत्न का सही कट और रंग तलाशना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**आप सभी धातुओं के बीच डिजाइन को कितनी प्राथमिकता देना चाहेंगे?**

जैसा कि मैंने बताया कि डिज़ाइन हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व है और यहीं हमारी विशेषता है। हम इस्तेमाल की गई बेशकीमती धातु की परवाह किए बिना डिजाइन किए गए हर टुकड़े पर विस्तार से ध्यान देते हैं। हमारे द्वारा निश्चित रूप से धातुओं और स्टोन्स की संरचना और संयोजन के तकनीकी विवरण पर बेहद करीब से नजर रखी जाती है। हम प्रयोगधर्मिता पर विश्वास करते हैं और विभिन्न धातुओं के आभूषण डिज़ाइन करते समय हम धातुओं के साथ संयोजन को हमेशा रचनात्मक बनाने का प्रयास करते हैं और हमारे यह प्रयास सभी को पसंद आते हैं।

**आपके ब्रांड की ऐसी कौन सी विशेषताएं हैं, जो इसे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर अलग बनाती हैं?**

हमारा मूल उद्देश्य भारतीय विरासत को बढ़ावा देना है। एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में हमने हमेशा अलग-अलग तरीकों से ऐसा करने की कोशिश की है। हमारे डिजाइन दर्शन या हमारी व्यापार/विपणन रणनीति में हमेशा भारत केन्द्रित होता है। हम भारतीय संस्कृति और विरासत की उन्नति में हमारा योगदान देने के लिए नए नए तरीके तलाशते हैं। हमारा प्रयास रहता है कि हम एक नए अथवा अलग दृष्टिकोण के साथ दुनिया के सामने नज़रिया पेश करें, जिससे यह प्रासंगिक और क्लासिक बना रहे। हमारा मूल प्रयास यही है कि हम भारत की विरासत को मूर्त रूप प्रदान करने में और उसे बरकरार रखने में हमारी भूमिका का निर्वाह करें।

**डिजाइन के नजरिए से बाजार के मौजूदा रुझान क्या हैं?**

सदियों से आभूषणों ने सुरक्षा कवच के रूप में काम किया है और इनसे आध्यात्मिक मूल्य जुड़े हुए हैं। यहीं वजह है कि नवरत्न, बुरी नजर को दूर करने के रत्न, जन्म रत्न, देवी-देवताओं के आभूषण चलन में हैं और हम इनमें बहुत सारी विविधताएं देख सकते हैं।

प्रतीकात्मक आभूषणों में मजबूत, सुंदर, प्रकृति से प्रेरित सार्थक रूपांकनों वाले आभूषण के तौर पर ज्वैलरी को पसंद करने वाले अब ऐसे पीसेज पहनना पसंद करते हैं जो उनके व्यक्तित्व में चार चांद लगाते हो। झालर एवं लटकन रूपी ज्वैलरी सभी को पसंद आ रही है। झूमर स्टाइल के झुमके, बड़े कफ, कॉकटेल रिंग्स इत्यादि के प्रति भी लगातार आकर्षण बढ़ रहा है।

**आप बाजार को कैसे देखते हैं, कृपया बताएं?**

फैशन पूर्वानुमान, बाजार और ट्रेंड्स विश्लेषण भावी रणनीतियों को विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। हालांकि हम सामाजिक और आर्थिक कारकों को नजर अंदाज नहीं कर सकते, जिन्होंने बड़े पैमाने पर व्यापार को पिछले दो तीन वर्षों में महामारी के दौरान प्रभावित किया है, इसलिए सभी के मिश्रित स्वरूप और सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखते हुए हम बाजार का अनुमान लगाने की कोशिश करते हैं।



POLKI DIAMOND
NECKLACE SET
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



POLKI DIAMOND
EARRINGS
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**

# ट्रेंडी अफेयर्स



EMERALD
**Ramnarayan & Co.**

जवाहरात की रंगीन दुनिया से हम लेकर आए हैं आपके लिए कुछ उत्कृष्ट आभूषण व रत्न जो आपका मन मोह लेंगे.



COLUMBIAN EMERALD WITH
ROSE CUT DIAMOND SET
**Birdhichand Ghanshyamdas**



PINK TOURMALINE
**Precitone Co. Ltd.**



PINK TOURMALINE
**National Facets**



DIAMOND RUBY NECKLACE
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



DIAMOND PENDANT
**Achal Jewels**



EARRINGS WITH TANZANITE, OPAL, RUBELLITE AND DIAMONDS
**Gem Plaza**



DIAMOND RUBY EARRING
**Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.**



YELLOW SAPPHIRE
**Biharilal Holaram**



BLUE SAPPHIRE
**Biharilal Holaram**



CUT COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



POLKI SET WITH ROSE CUT AND FULL CUT DIAMOND SET
**Birdhichand Ghanshyamdas**





PINK TOURMALINE
**Lunawat Gems**



NECKLACE WITH OPAL AND RUBY WITH DIAMONDS
**Gem Plaza**



POLKI NECKLACE
**Achal Jewels**



DEVASREE COLLECTION
**Jaipur Ratna**



COLOMBIAN EMERALDS ROUGH
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**



GREEN TOURMALINE
**Lunawat Gems**



MORGANITE
**Precitone Co. Ltd.**



BLUE BIRD NECKLACE
**Savio Jewellery**



VINTAGE EMERALD POLKI SET
**Shree Jee Jewels**

COLOMBIAN EMERALDS
**C.I. Bogota Emerald Mart S.A.S.**





MULTI TOURMALINE
**National Facets**



TANZANITE
**Lunawat Gems**



EMERALD CALIBRATION (ZAMBIAN)
**Ramnarayan & Co.**



EMERALD
**Earth Creation Gems**



EMERALD PEAR SHAPE
WITH DIAMOND EARRINGS
**Royal Gems & Jewels**



TANZANITE
**RMC Gems**



SWISS BLUE TOPAZ
**RMC Gems**



RUBELLITE
**RMC Gems**



PARAIBA
**RMC Gems**



AQUAMARINE
CARVING BEADS
**RGS Creation**



AQUAMARINE
**Precitone Co. Ltd.**



REINA NECKLACE
**Savio Jewellery**



RUBELLITE TOURMALINE
**Lunawat Gems**



MULTI TOURMALINE (CABS)
**RGS Creation**



POLKI CHOKER SET WITH
EMERALD BEADS
**Tatiwalas Gehna**



CHANDRANI COLLECTION
**Jaipur Ratna**



EMERALD ROUGH
**Rakesh Kumar Vijay**



POLKI NECKLACE WITH TOURMALINE BEADS
**Tatiwalas Gehna**



POLKI RANI HAR
**Shree Jee Jewels**



GREEN BERYL
**Precitone Co. Ltd.**



IOLITE
**Meco Gems Impex**

| COMPANY | EMAIL ADDRESS |
|---|---|
| ACHAL JEWELS | office@achaljewels.com |
| BIHARILAL HOLARAM | anand@lakhi.net |
| BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS | pr@birdhichand.com |
| C.I. BOGOTA | bem@bem.com.co |
| GEM PLAZA | mail@gemplaza.ne |
| JAIPUR RATNA | rea@jaipurratna.com |
| LUNAWAT GEMS | tech@lgcindia.com, jg@lgcindia.com |
| PRECITONE CO. LTD. | anu@precitone.com |
| MECO GEMS IMPEX | mecogems@gmail.com |
| EARTH CREATION GEMS | earthcreation01@gmail.com |
| RAKESH KUMAR VIJAY | 123muk@gmail.com |
| NATIONAL FACETS | management@nationalfacets.com |
| RAMNARAYAN & CO. | ramnarayanco501@gmail.com |
| RGS CREATION | rgscreations4@gmail.com |
| RMC GEMS | gyan.rmc@gmail.com |
| ROYAL GEMS & JEWELS | yashdusad1@gmail.com |
| SAVIO JEWELLERY | saviojewellery@gmail.com |
| SHREE JEE JEWELS | harshita@shreejeejewellers.in |
| TATIWALAS GEHNA | tg@tatiwalasgehna.com |
| VALENTINE JEWELLERY (I) PVT. LTD. | abhinav@valentinejewelleryindia.com |



# RGS Creation

**Import, Exports & Manufacturer of Semi Precious Stones**
**We also deals in Rough Stones**

**Address :**

Shop No. 257,
First Floor,
Choura Rasta,
Jaipur (Rajasthan) India

**Contact Person :**

Govind Agarwal : 9829063563
Sandeep Jain : 9929091900
Seemant Jain : 9928571296
Rishabh Jain : 9784479736

**E-mail : rgscreations4@gmail.com**



BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS
JEWELLERS

Luxury Bridal Jewellery

**Jaipur** - 9, Lakshmi Complex, M. I. Road | T:+91-141-2379228 | E: jaipur@birdhichand.com
**New Delhi** - D 21, Defence Colony | T:+91-11-40115623, 40115624 | E: delhi@birdhichand.com
www.birdhichand.com

# BIHARILAL HOLARAM



SPECIALIZED IN ONE OF A KIND,
FINE, EXOTIC COLORED GEMSTONES
& FANCY COLORED DIAMONDS.

Head Off :75, Rasta Gopal ji ,Johari Bazar, Jaipur 302003
Branch Off : 901, 2nd Floor, Narendra Plaza, Ganga Mata Street, Gopal ji ka Rasta, Jaipur 302003
Tel: +91-141-4082222, 2571110, 2575848, 4025848
Email : bh@lakhi.net, lakhigemjpr@gmail.com



# हैकमैनाइट

## एक असामान्य चमकदार दुर्लभ रत्न

**रत्न नगरी जयपुर के बाजार में एक खूबसूरत और रंग बदलने में माहिर रत्न की आवक में तेजी से वृद्धि हुई है और इसकी लोकप्रियता का ग्राफ भी बढ़ा है। इस अद्भुत स्टोन का नाम है हैकमैनाइट, जिसे लेकर इन दिनों दुनियाभर में रत्नप्रेमियों के बीच उत्सुकता बनी हुई है। हैकमैनाइट की खोज एवं उसकी बनावट के साथ खूबियों को उजागर करती है यह रिपोर्ट...**

**गगन चौधरी, एफ जी ए**

हैकमैनाइट एक दुर्लभ सल्फर युक्त सोडालाइट है। यह एक असामान्य और विशेष ऑप्टिकल संपत्ति को प्रदर्शित करता है, जिसे 'टेनब्रेसेंस' या 'रिवर्सिबल फोटोक्रोमिज्म' के रूप में जाना जाता है। यह विशेषता रत्न या खनिज को विभिन्न प्रकार के प्रकाश या ऊर्जा के संपर्क में आने पर अस्थायी रूप से अपना रंग बदलने की अनुमति देती है। जब खनन किया जाता है तो हैकमैनाइट गुलाबी से बैंगनी दिखाई देता है, लेकिन सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने पर यह भूरे या हल्के रंगों में बदल जाता है। ये हल्के रंग, जब कई घंटों तक अंधेरे में रखे जाते हैं या पराबैंगनी प्रकाश के संपर्क में आते हैं, तो अपने मूल रंग को फिर से प्राप्त कर लेते हैं। इस प्रक्रिया को असीमित बार दोहराया जा सकता है। प्रतिवर्ती फोटोक्रोमिज़्म संपत्ति हैकमैनाइट को संग्राहकों के लिए एक दुर्लभ और बेशकीमती खनिज बनाती है। पिछले कुछ महीनों में रत्न नगरी जयपुर के बाजार में हैकमैनाइट की आपूर्ति में अचानक वृद्धि हुई है, जैसा कि आईआईजीजे-रिसर्च एंड लेबोरेटरीज सेंटर (पूर्व में, जीजेईपीसी-जेम टेस्टिंग लेबोरेटरी) में प्रमाणन के लिए आई प्रस्तुतियों की आवृत्ति से स्पष्ट होता है।







चित्र 1. लुप्त होती (बाएं) और यूवी प्रकाश (दाएं) के संपर्क के बाद हैकमैनाइट के नमूने। इस दौरान बैंगनी घटक की तीव्रता पर विशेष ध्यान देंवे। बीच में यूवी एक्सपोजर से यह कम प्रभावित होता है, लेकिन फिर भी कुछ हद तक रंग परिवर्तन प्रदर्शित करता है।

### दिखावट

हैकमैनाइट हल्के नीले, ग्रे, गुलाबी से लेकर बैंगनी तक के रंगों में होता है, जो कुछ सैकंड के लिए पराबैंगनी प्रकाश के संपर्क में आने के बाद बैंगनी और बैंगनी रंग के गहरे रंगों में

बदल जाता है। कुछ मिनटों के लिए तेज रोशनी के संपर्क में आने के बाद ये रंग अपने मूल रंगों में वापस आ जाते हैं। पारदर्शी हैकमैनाइट अत्यंत दुर्लभ है और केवल छोटे आकार में पाया जाता है। आईआईजीजे-रिसर्च एंड लेबोरेटरीज सेंटर में देखे गए अधिकांश हैकमैनाइट्स पारभासी (बादल) से अपारदर्शी - कैबोचोन और बीड्स ग्रेड थे। हालांकि इन ग्रेडों को पॉलिश किए गए नमूनों के लिए 10 कैरेट तक के आकार में देखा गया था। कुछ नमूने और भी बड़े थे जिनका वजन 50 ग्राम तक था।
हैकमैनाइट क्लोरीन और सल्फर आयनों के प्रतिस्थापन के साथ सोडालाइट समूह का एक जटिल सोडियम एल्यूमीनियम सिलिकेट खनिज है, जहां सल्फर आयन 'टेनब्रेसेंस' प्रभाव के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं। नतीजतन,



चित्र 2: ऐसा पारदर्शी फेस-टेबल हैकमैनाइट अत्यंत दुर्लभ है और केवल छोटे साइज में ही उपलब्ध हैं।

कुछ हैकमैनाइट्स जो देखने योग्य टेनेब्रेसेंस का प्रदर्शन नहीं करते हैं, केवल सोडालाइट के रूप में दिखाई देते है, उनमें नीला पारभासी रत्न व्यापार जगत में बेहद प्रसिद्ध है।

हैकमैनाइट में उत्तम श्रेणी के क्रिस्टल का मिलना अत्यंत दुर्लभ हैं। रफ़ हैकमैनाइट विशाल रूप में पाया जाता है, यह बिना किसी विशिष्ट आकार के पाया जाता है। शुद्ध हैकमैनाइट मिलना भी दुर्लभ है और आमतौर पर अन्य खनिजों जैसे कैल्साइट, सोडालाइट, फेल्डस्पार, रिचटेराइट, लेज़ुराइट, डायोपसाइड, एफ़गैनाइट इत्यादि से यह जुड़ा होता है। परिणामस्वरूप, एक ही नमूने में विभिन्न खनिजों का परीक्षण के समय पर मिलना असामान्य नहीं है।

## हैकमैनाइट के गुण

हैकमैनाइट की एक और महत्वपूर्ण संपत्ति लॉन्गवेव यूवी लाइट के तहत नारंगी से पीले रंग की प्रतिदीप्ति है। यह प्रतिदीप्ति प्रतिक्रिया हैकमैनाइट की पहचान में मदद नहीं कर सकती है, क्योंकि यह प्रतिक्रिया अक्सर अन्य समान दिखने वाले रत्नों में भी देखी जाती है। उदाहरण के रूप में स्कैपोलाइट, एफ़गनाइट और टगटुपाइट। यह यूवी प्रतिक्रिया

## गुण

| | |
|---|---|
| **संरचना** | $Na_8Al_6Si_6O_{24}(S,Cl)_2$ |
| **रिफ्रेक्टिव इंडेक्स** | 1.48 |
| **लस्टर** | **वैक्सी से कांच रुपी** |
| **स्पेसिफिक ग्रेविटी** | 2.14 **से** 2.40 |
| **हार्डनेस** | 5.5 **से** 6 **(मोह्स स्केल)** |

1.48 के अपवर्तक सूचकांक और 2.14 से 2.40 की सीमा में विशिष्ट गुरुत्व के साथ हैकमैनाइट को समान दिखने वाले रत्नों से अलग करने में मदद करती है।
रमन और इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी द्वारा पहचान को अधिक प्रभावी तरीके से स्थापित किया जा सकता है। विभिन्न खनिजों के विशाल रूप और उपस्थिति के कारण, पॉलिश किए गए नमूनों में आमतौर पर धब्बेदार बादल दिखाई देते हैं। इस दौरान पारदर्शी रत्न क्रिस्टलीय समावेशन और तरल उंगलियों के निशान प्रदर्शित कर सकते हैं।



चित्र 3: ऑरेंज फ्लोरेसेंस हैकमैनाइट की एक और महत्वपूर्ण शैली है। यहां, चित्र 1 में सचित्र नमूने लॉन्गवेव यूवी प्रकाश के तहत नारंगी प्रतिदीप्ति प्रदर्शित करते प्रतीत होते हैं।

## खोज एवं स्रोत

हैकमैनाइट को पहली बार 1896 में एलसी बोरगेस्ट्रॉम द्वारा ग्रीनलैंड में खोजा गया था और इसका नाम हेलसिंकी

विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और फ़िनिश भूविज्ञानी विक्टर एक्सेल हैकमैन के नाम पर रखा गया था। हैकमैनाइट हालांकि पहली बार ग्रीनलैंड में खोजा गया था। इसे रत्न गुणवत्ता के लिए कनाडा के क्यूबेक में वर्ष 1991 में खोजा गया। वर्तमान में हैकमैनाइट के प्रमुख स्रोत अफगानिस्तान और म्यांमार (बर्मा) हैं। नॉर्वे और रूस भी प्रमुख स्रोत हैं। जयपुर के रत्न बाजार में आने वाले ज्यादातर हैकमैनाइट अफगानिस्तान के बताए जा रहे हैं।

### ट्रीटमेंट्स

अब तक, मानक तेल लगाने के अलावा, हैकमैनाइट पर उपचार नहीं देखा गया है। हालांकि, इसकी बढ़ती लोकप्रियता और मांग के साथ, भविष्य में इसमें रेज़िन भरने के मामले भी सामने आ सकते है।

### हैकमैनाइट की देखभाल

हैकमैनाइट अपेक्षाकृत एक नरम पत्थर है, इसलिए इसे संभालते समय सावधानी बरतनी चाहिए। इसे अन्य सामग्रियों से आसानी से खरोंचा जा सकता है। हैकमैनाइट का गहनों में उपयोग करते समय इसे अन्य रत्नों और आभूषणों से अलग रखा जाना चाहिए। हैकमैनाइट को गर्म साबुन के पानी से साफ करना सुरक्षित है लेकिन इसे तुरंत एक मुलायम कपड़े से पोछकर सुखा लेना चाहिए। इसे भाप या अल्ट्रासोनिक क्लीनर के संपर्क में नहीं लाना चाहिए। उच्च ताप के संपर्क में आने से इसके वांछनीय टेनेब्रेसेंट प्रभाव स्थायी रूप से समाप्त हो जाते हैं।

